# स्टार्टअप के लिए सशक्त इकोसिस्टम देने में उत्तर प्रदेश का श्रेष्ठ प्रदर्शन

## डीपीआईआईटी रैंकिंग में गुजरात, अरुणाचल प्रदेश व गोवा सर्वश्रेष्ठ

**नई दिल्ली।** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के मुताबिक गुजरात, अरुणाचल प्रदेश और गोवा उभरते उद्यमियों के लिए स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने वाले सर्वश्रेष्ठ राज्य हैं। डीपीआईआईटी ने शुक्रवार को राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग जारी की है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु को श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में रखा गया है।

गुजरात लगातार पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य बना है। यह रैंकिंग डीपीआईआईटी की वार्षिक प्रक्रिया है, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्टार्टअप विकास के लिए अनुकूल इकोसिस्टम बनाने के प्रयासों का मूल्यांकन किया जाता है। इस प्रक्रिया में कुल 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने हिस्सा लिया। उन्हें पांच श्रेणियों सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले, श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले, अग्रणी, महत्वाकांक्षी अग्रणी और उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम में रैंक किया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनकी जनसंख्या के आधार पर दो वर्गों में बांटा गया। पहली जिनकी जनसंख्या 1 करोड़ से अधिक है और दूसरी जिनकी 1 करोड़ से कम है।

**ये उभरत स्टार्टअप इकोसिस्टम वाले राज्य...** उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम श्रेणी के अंतर्गत आने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में छत्तीसगढ़, दिल्ली, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, लद्दाख, लक्षद्वीप और पुडुचेरी शामिल हैं।

### इन बिंदुओं पर होता है मूल्यांकन

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का मूल्यांकन छह सुधार क्षेत्रों और उन्नीस स्पष्ट रूप से परिभाषित कार्य बिंदुओं के आधार पर किया जाता है। इसमें नीति और संस्थागत समर्थन, भौतिक और डिजिटल अवसंरचना, वित्तपोषण तक पहुंच, बाजार पहुंच और संपर्क, उद्यमियों और इकोसिस्टम के हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण और नवाचार-आधारित विकास शामिल हैं।

**ये राज्य लीडर और उभरते हुए लीडर चुने गए...** आंध्र प्रदेश, हरियाणा, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड, मणिपुर, मेघालय और नागालैंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में रखा गया है। वहीं प्रकार, असम, बिहार, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, मिजोरम, सिक्किम और त्रिपुरा को उभरते हुए लीडर्स की श्रेणी में रखा गया है। एजेंसी